

श्री टोखेहो एच. सेमा

Shri Tokheho H. Sema



पद्म श्री

Padma Shri

श्री टोखेहो एच. सेमा

नागालैण्ड के पूर्व मंत्री तथा अंतरिम निकाय के सदस्य श्री टोखेहो एच. सेमा एक लब्ध प्रतिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं जन नायक हैं।

2. आपका जन्म 24 नवम्बर, 1932 को जूनेबोटो जिला के अंतर्गत सुखालू गांव में हुआ था। आप एक यशस्वी परिवार से आते हैं। आपके पिता स्व. श्री हितोई सेमा और सुखालू गांव के तत्कालीन मुखिया, नागालैण्ड में ब्रिटिश सेना के चीफ स्काउट के पद से सेवा–निवृत्त द्वितीय विश्व–युद्ध के पूर्व सैनिक थे। आपके नाना स्व. श्री कुहोई सुखई जिमोमी प्रथम विश्व–युद्ध के दौरान फ्रांस में नागा लेबर कॉर्प्स के मुखिया थे।

3. आप नागा लोगों के कल्याण कार्यों में सक्रियतापूर्वक संलग्न रहे। आपके इस कार्य को सेमा जनजाति ने नोटिस किया और अन्ततः सेमा जनजाति की ओर से 1959 में आपको "नागा पीपल्स कन्वेंशन" का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया गया। आप अंतरिम निकाय (नागालैण्ड सभा) के सबसे युवा सदस्य बने जिसे वर्ष 1961 में 16 सूत्रीय करार पर हस्ताक्षर करने के बाद निर्मित किया गया था। आपको वर्ष 1969, 1974 में विधान–सभा के लिए चुना गया था तथा मंत्रिमंडल में नागरिक आपूर्ति मंत्री और लोक निर्माण विभाग मंत्री के रूप में शामिल किया गया था। आपको वर्ष 1989 में पुनः विधान सभा के लिए चुना गया था और 19 दिसम्बर, 1990 को सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग मंत्री के रूप में मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था।

4. एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में कई आप एक संगठनों में विभिन्न हैसियतों जैसे – 1975 में जून्हेबोटो आर्टस कॉलेज के संस्थापक, सेमा बैप्टिस्ट चर्चेज एसोसिएशन (1984–86) के कार्यकारी सदस्य, प्रथम सूमी जी बी एसोसिएशन (1984–1997) के संस्थापक एवं अध्यक्ष, नागा जी बी फेडरेशन (1995–97) के सचिव तथा नागा जीबी फेडरेशन (1997–99) के अध्यक्ष के रूप में संबद्ध रहे हैं। अपने अध्यक्षीय कार्यकाल के दौरान आपने वर्षों पुराने नागा मुद्दे के स्थायी समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य करने के महत्व को रेखांकित करने हेतु जीबी/ग्रामवासियों/सर्वहारा लोगों को अभिभूत करने के लिए गांव–गांव भ्रमण किया।



राष्ट्रपति से अलंकरण प्राप्त करते हुए

Receiving the decoration from the President

Shri Tokheho H. Sema

Shri Tokheho H. Sema, former Minister and Interim Body Member, Nagaland is an eminent social worker and public leader.

2. Born on November 24, 1932 at Sukhalu Village under Zunheboto District, Shri Sema inheridataed an illustrious family. His father Late Shri Hetoi Sema, the then Chief of Sukhalu Village was a World war II Veteran in the capacity of Chief Scout of the British Army in Nagaland. His Maternal Grand-father Late Shri Kuhoi Sukhai Zhimomi was the Chief of the Naga Labour Corps in France during the WW-I.

3. Shri Sema was actively involved in the welfare of the Naga people. This was noticed by the Sema tribe and was finally elected to represent "Naga Peoples' Convention" in 1959 on behalf of the Sema tribe and became the youngest member of the Interim Body (Nagaland Assembly) which was formed after signing the 16 Point Agreement in 1961. He was elected to the Legislative Assembly in 1969, 1974 and was inducted as Cabinet Minister for Civil Supplies and P.W.D. He was again elected to the Legislative Assembly in 1989 and was inducted as Cabinet Minister for Public Health Engineering (PHE) on 19 Dec 1990.

4. Shri Sema, as an active social worker, has been associated with many organizations in various capacities such as Founder of Zunheboto Arts College in 1975, Executive Member of Sema Baptist Churches Association (1984–86), Founder & President of the 1st Sumi GB's Association (1984–1997), Secretary of Naga GBs' Federation (1995–97) and President Naga GBs' Federation (1997 – 99). During his President-ship, he toured each and every Village to impress upon the GBs/ Villagers/ people at the grass root level of the importance to work unitedly for a permanent settlement of the age-old Naga Issue.